दिनाक 6 मार्च 2025

कृपया टीप के साथ संलग्न उप कार्यक्रम सलाहकार, क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भोपाल के पत्र F.No.P.15-04/NSS/RD/MP/2024-25/4376-4383 दिनांक 5 मार्च 2025 का अवलोकन करें, जिसमें विकसित भारत युवा संसद/VBYP 2025 के आयोजन में युवाओं की सहभागिता हेतु प्रथम चरण में नोडल जिले में कम से कम 5000 युवाओं व्दारा MY Bharat पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कराया जाना है । MY Bharat पोर्टल पर तैयार किये गये नोडल जिले के मैगाइवेंट में नोडल जिला रीवा और उससे संबंधित अन्य जिले सीधी, सिंगरौली एवं मउगंज के प्रतिभागियों का पंजीयन कर निर्धारित What does viksit bharat mean to you विषय पर 1 मिनिट का वीडियो बनाकर अपलोड किया जायेगा । इस कार्यक्रम के नोडल जिला अधिकारियों के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किये गये वीडियो की स्कुटनी विश्वविद्यालय व्दारा गठित समिति व्दारा कराकर अधिकतम 150 युवाओं का चयन किया जायेगा । इस आयोजन समिति के संयोजक प्रोफेसर अतुल पाण्डेय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष चौहान, सहायक प्राध्यापक, भौतिकी नियुक्त किये गये हैं । कृपया अपने-अपने विभाग से कम से कम 30 छात्रों का उक्त पोर्टल पर पंजीयन कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके ।

6/3/25
कुलगुरू

विभागाध्यक्ष, समस्त
विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभाग

प्रभारी आचार्य, स्ववित्तीय पाठ्यक्रम

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय
( म.प्र.-छ.ग. ) भोपाल

सत्यमेव जयते

Government of India.
Ministry of Youth Affairs & Sports
Regional Directorate of NSS
(M.P.-C.G.) Bhopal

F.No.P.15-04/NSS/RD/MP/2024-25/4376-4383

Date: 05th March, 2025

प्रति,

कुलपति
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,
रीवा – मध्य प्रदेश

**विषय: विकसित भारत युवा संसद / VBYP 2025 के आयोजन में युवाओं की सहभागिता - संबंधी।**

**संदर्भ:** *1.एन.एस.एस. निदेशालय, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के ई-मेल दिनांक 03 मार्च, 2025*
*2. सचिव, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली की अध्यक्षता में दिनांक 02 मार्च 2025 को आयोजित ऑनलाइन बैठक में प्राप्त आदेश।*

**महोदय,**

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित प्राप्त आदेश अनुसार लेख है, कि **भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा विकसित भारत युवा संसद/VBYP – 2025** का आयोजन देशभर के चयनित 300 नोडल जिलों में किया जा रहा है, जिनमें से जिला स्तर के आयोजन हेतु मध्य प्रदेश राज्य के समस्त जिलों के 18 से 25 वर्ष आयु के युवाओं की प्रतिभागिता हेतु 19 चिन्हित जिलों को नोडल जिला बनाकर उनके अंतर्गत आने वाले चिन्हित राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त संस्थानों को नोडल संस्था के रूप में चिन्हित किया गया है, जिनमें आपके विश्वविद्यालय रासेयो (प्रकोष्ठ) परिक्षेत्र के जिले एवं उनमें संचालित रासेयो युक्त संस्थाएं भी शामिल हैं। **(संलग्न सूची – 1 अनुसार)**

उक्त आयोजन के प्रथम चरण हेतु प्रत्येक नोडल जिले में कम से कम 5000 युवाओं द्वारा MY Bharat पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कराकर प्रतिभागिता कराए जाने का लक्ष्य है। **MY Bharat** पोर्टल पर तैयार किए गए नोडल जिले के मेगाइवेंट में नोडल जिला और उससे संबंधित अन्य जिलों के प्रतिभागियों द्वारा पंजीयन कर निर्धारित **"What does Viksit Bharat mean to you?"** विषय पर एक मिनट का भाषण वीडियो बनाकर अपलोड किया जाएगा। **नोडल जिला अधिकारियों के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किए गए वीडियो की स्क्रूटनी कराकर अधिकतम 150 युवाओं का चयन किया जाएगा, जो कि भौतिक रूप से आयोजित होने वाले जिला स्तर युवा संसद आयोजन हेतु जिला के चिन्हित संस्थान में जाकर "एक राष्ट्र - एक चुनाव" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। (विस्तृत जानकारी हेतु संलग्न निर्देशिका-2 का अवलोकन करें)**

**नोडल संस्थानों (विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों) के लिए निर्देशिका/SOP अनुसार नोडल संस्था प्रमुख/अधिकारी के साथ आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जाना है, जिस हेतु समझौता ज्ञापन (MoU) / सहमति पत्र के अनुसार आयोजन के क्रियान्वयन एवं आवश्यक अनुदान हेतु संबंधित कार्यक्रम समन्वयकों, रासेयो जिला संगठकों एवं नोडल संस्था प्रमुख/अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित निर्देश प्रेषित किए जा चुके हैं।** उक्त जानकारी के साथ आयोजन हेतु मंत्रालय/रासेयो निदेशालय नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशिका, पोस्टर, बैनर, आदि प्रचार सामग्री भी गूगल ड्राइव के माध्यम से प्रेषित की गई है, जिसे प्रिंट कराकर नोडल जिले और उससे संबंधित जिलों के अन्य समस्त संस्थानों में प्रचार-प्रसार किया जाना है।

**MY Bharat पोर्टल पर युवाओं द्वारा अपलोड किए गए वीडियो की प्रतिदिन स्क्रीनिंग के लिए, संस्थान के प्राचार्यों एवं नोडल अधिकारियों को उनके ई-मेल पर पोर्टल के यूजर आईडी प्रदान किए गए हैं।** आयोजन हेतु प्रचार – प्रसार, सोशल मीडिया प्रसार, प्रतिभागियों के पंजीयन, स्क्रूटिनी, जिला स्तर आयोजन एवं अन्य सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों/तैयारियों के एक्शन फोटोग्राफ एवं जानकारियाँ प्रतिदिन अनिवार्य रूप से इस कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से प्रेषित की जाना है, जिससे कार्य प्रगति की रिपोर्ट निदेशालय/मंत्रालय को भेजी जा सके।

**निरंतर.....पृष्ठ क्रमांक – 02**

E-1/123, Arera Colony, Bhopal - 462 016 (M.P.)
bhopal-nss@nic.in, nssrcbhopal@gmail.com
0755 - 2464817
@nssrdbhopal

अतः आपसे अनुरोध है, कि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार/कार्यक्रम समन्वयक महोदय के माध्यम से आपके क्षेत्रांतर्गत आने वाले समस्त शासकीय और अशासकीय संस्थानों सहित रासेयो युक्त संस्थानों में विकसित भारत युवा संसद/VBYP-2025 में अधिकतम पंजीयन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों/स्वयंसेवकों के बीच अधिकतम प्रचार- प्रसार एवं पंजीयन कर प्रतिभागिता कराने हेतु सभी संस्था प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रेषित करने का कष्ट करें।

**संलग्न : उपरोक्त अनुसार**

भवदीय

(डॉ. अशोक कुमार श्रोती)
उप कार्यक्रम सलाहकार
क्षेत्रीय निदेशक

**प्रतिलिपि:-**

1. निदेशक, भारत सरकार, रा.से.यो निदेशालय शिवाजी स्टेडियम, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
2. निज सहायक, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. राज्य एन.एस.एस. अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. कार्यक्रम समन्वयक, रा.से.यो. युक्त समस्त विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. नोडल अधिकारी, रा.से.यो. युक्त संस्थान (चिन्हित) मध्य प्रदेश की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन, मध्य प्रदेश की ओर सूचनार्थ।

ई-1/123, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, म.प्र. 462016 ई-मेल- nssrcbhopal@gmail.com / bhopal-nss@nic.in फोन- 0755-2464817